अर्हम्

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल

समय : 3 घंटा | तत्त्वज्ञान (वर्ष : 2017) | दिनांक 20.12.2017

प्रथम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र | पूर्णांक – 100

पच्चीस बोल – 20

प्र.1 कोई तीन बोल लिखें – 12

(क) चौदहवां बोल – संवर के भेद (ख) सोलहवां बोल (ग) ग्यारहवां बोल

(घ) चौबीसवां बोल – अंक 12 का भांगा (ङ) नौवां बोल

प्र.2 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दें – 5

(क) काल द्रव्य से क्या है?

(ख) निर्जरा का नौंवा भेद लिखें।

(ग) तीसरा बोल काय छह के प्रथम पांच भेद संज्ञी हैं या असंज्ञी?

(घ) द्वीन्द्रिय जीवों में कितनी पर्याप्ति पाती है? नाम लिखें।

(ङ) असंयत में कौन–कौन से गुणस्थान पाते हैं?

(च) स्पर्शनेन्द्रिय का पांचवां व छठा विषय लिखें।

(छ) तेजस्काय का दण्डक कौन सा है?

(ज) पाप तत्व का आठवां भेद कौन सा है?

प्र.3 बीसवां बोल – छहों द्रव्य के गुण क्या–क्या हैं? लिखें। 3

पच्चीस बोल की चर्चा – 45

प्र.4 किसमें व कौन–कौन से पाते हैं? (कोई बीस करें) 20

(क) जीव के आठ भेद (ख) ग्यारह गुणस्थान (ग) अट्ठारह दण्डक (घ) पांच आत्मा

(ङ) तीन लेश्या (च) चार चारित्र (छ) तीन काय (ज) पांच पर्याप्ति (झ) चार जाति

(ञ) सात प्राण (ट) चार योग (ठ) पांच उपयोग (ड) पांच–छह कर्म (ढ) नौ दण्डक

(ण) दो दृष्टि (त) दो ध्यान (थ) तीन द्रव्य (द) जीव के ग्यारह भेद (ध) छह दण्डक

(न) आठ योग (य) दस उपयोग (र) चार द्रव्य

प्र.5 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखें – 10

(क) श्रावक में कितने व कौन से व्रत, गुणव्रत व शिक्षाव्रत पाते हैं?

(ख) पृथ्वीकाय में कितनी व कौन–कौन सी लेश्या पाती है?

(ग) अचरम में आठ उपयोग कौन–कौन से, तथा अचरम में किस–किस का समावेश है?

(घ) एक योग किसमें? व कौनसा? तथा किस तीन जगह में योग एक ही पाता है नाम बताऐं।

(ड) एक प्राण किसमें व कौनसा? तथा क्यों?

(च) दो पर्याप्ति किसमें व कौन सी? अलब्धिया का क्या अर्थ है?

(छ) गर्भ बिना के संज्ञी कृष्ण लेश्यी में कितने व कौन–कौन से दण्डक?

प्र.6 कोई तीन बोल की चर्चा लिखें – 15

(क) उपयोग (ख) लेश्या व चारित्र (ग) प्राण व ध्यान (घ) षडद्रव्य तथा आत्मा

(ङ) आठ से तेईस दण्डक

पच्चीस–बोल की चतुर्भंगी – 35

प्र.7 कोई पांच बोल की चतुर्भंगी लिखें – 25

(क) चौदहवां बोल – संवर तत्त्व (ख) पन्द्रहवां बोल (ग) चौथा बोल

(घ) तेरहवां बोल (ङ) दूसरा बोल (च) अठारहवां बोल (छ) नौवां बोल

प्र.8 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखें। 10

(क) कौन सा द्रव्य कम, कौन सा द्रव्य अधिक?

(ख) ध्यान किस कर्म का उदय?

(ग) तुम्हारे में मोक्ष तत्व के भेद कितने?

(घ) किस निर्जरा के जीव कम, किस निर्जरा के जीव अधिक?

(ड.) तुम्हारे में गुणस्थान कौन सा?

(च) लेश्या किस कर्म का उदय?

(छ) योग जीव या अजीव?